APT40 परामर्श-सूचना

पीआरसी एमएसएस ट्रेडक्राफ्ट के काम करने का तरीके

Australian Government

Australian Signals Directorate

National Cyber
Security Centre
a part of GCHQ

Communications
Security Establishment

**Canadian Centre
for Cyber Security**

Centre de la sécurité
des télécommunications

**Centre canadien
pour la cybersécurité**

विषय-सूची

अवलोकन

पृष्ठभूमि

यह परामर्श सूचना, जिसका लेखन इन एजेंसियों ने किया है: ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल निदेशालय के ऑस्ट्रेलियाई साइबर सुरक्षा केंद्र (एएसडी के एसीएससी), संयुक्त राज्य साइबर सुरक्षा एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा एजेंसी (सीआईएसए), संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए), संयुक्त राज्य संघीय जाँच ब्यूरो (एफबीआई), यूनाइटेड किंगडम राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र (एनसीएससी-यूके), कनाडाई साइबर सुरक्षा केंद्र (सीसीसीएस), न्यू ज़ीलैंड राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र (एनसीएससी-एनजेड), जर्मन संघीय खुफिया सेवा (बीएनडी) और संविधान संरक्षण संघीय कार्यालय (बीएफवी), कोरिया गणराज्य की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) और एनआईएस के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र, और जापान के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा घटना तत्परता एवं रणनीति केंद्र (एनआईएससी) और राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी (एनपीए) – जिन्हें इसके बाद "लेखन एजेंसियों" के रूप में संदर्भित किया जाएगा - पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के राज्य-प्रायोजित साइबर समूह को और ऑस्ट्रेलियाई नेटवर्क के लिए उनके वर्तमान खतरे को रेखांकित करती है। यह परामर्श-सूचना संलेखन एजेंसियों की खतरे की साझा समझ के साथ-साथ एएसडी की एसीएससी घटना प्रतिक्रिया जाँचों पर आधारित है।

पीआरसी के राज्य-प्रायोजित साइबर समूह ने पहले ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका समेत कई देशों में स्थित संगठनों को लक्षित किया है, और अन्य पीआरसी राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा विश्व-स्तर पर नीचे दी गई तकनीकों का नियमित उपयोग किया जाता है। इसलिए संलेखन एजेंसियों का मानना है कि यह समूह, और इसी तरह की तकनीकें उनके देशों के नेटवर्कों के लिए भी खतरा बनी हुई हैं।

संलेखन एजेंसियों का आकलन है कि यह समूह पीआरसी मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी (एमएसएस) के लिए दुर्भावनापूर्ण साइबर ऑपरेशन्स चलाता है। इसकी गतिविधि और तकनीकें एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट (APT) 40 के रूप में ट्रैक किए गए समूहों के साथ ओवरलैप होती है (जिसे उद्योग रिपोर्टिंग में क्रिप्टोनाइट पांडा, गिंगहम टाइफून, लेविएथन और ब्रॉन्ज़ मोहॉक के नाम से भी जाना जाता है)। इस समूह के बारे में रिपोर्ट किया गया है कि यह पहले हाइकू, हैनान प्रांत, पीआरसी में स्थित था और इसे पहले हैनान प्रांत के सुरक्षा विभाग, पीआरसी एमएसएस से काम दिया जाता था।[2] निम्नलिखित परामर्श-सूचना इस विरोधी द्वारा शिकार बनाए गए दो नेटवर्कों के प्रति कार्रवाई की तकनीकों के महत्वपूर्ण मामले के अध्ययन का एक नमूना प्रदान करती है। इन मामला अध्ययनों के परिणाम साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण हैं, ताकि वे अपने खुद के नेटवर्कों में APT40 के हस्तक्षेप की पहचान, रोकथाम और उपचार कर सकें। चुने हुए मामले अध्ययनों में इस धमकीपूर्ण हमलावर, या किसी अन्य के द्वारा फिर से दुरुपयोग के जोखिम को कम करने के लिए उपयुक्त उपचार लागू किया गया है। इस तरह से ये मामले अध्ययन स्वाभाविक रूप से पुरानी प्रकृति के हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संगठनों को उपचार के लिए आवश्यक समय दिया गया था।

गतिविधि सारांश

APT40 ने बार-बार ऑस्ट्रेलियाई नेटवर्कों, तथा साथ ही इस क्षेत्र में सरकारी और निजी सेक्टर के नेटवर्कों को भी लक्षित किया है, और ये हमारे नेटवर्क के लिए जारी खतरा बने हुए हैं। इस परामर्श-सूचना में वर्णित ट्रेडक्राफ्ट को नियमित रूप से ऑस्ट्रेलियाई नेटवर्कों के प्रति देखा जाता है।

विशेषकर APT40 में नई कमजोरियों के प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट (पीओसी) का तेजी से रूपांतरण और अनुकूलन करने की क्षमता है और इससे संबंधित कमजोरियों वाले इंफ्रास्ट्रक्चर को लक्ष्य नेटवर्कों के प्रति तुरंत इस्तेमाल किया जा सकता है। APT40 नियमित रूप से अभिरुचि के नेटवर्कों की टोह लगाता है और अपने लक्ष्यों पर हमला करने के अवसरों की तलाश करता है, जिसमें संलेखन एजेंसियों के देशों में स्थित नेटवर्क भी शामिल हैं। यह नियमित टोही इस समूह के लिए अभिरुचि के नेटवर्कों पर कमजोर, जीवन-के-अंत या ठीक से बनाए न रखे जाने वाले डिवाइसेज़ की पहचान करना और शोषणों को तेजी से लागू करना आसान बना देती है। APT40 को 2017 की शुरुआत से ही कमजोरियों का फायदा उठाने में सफलता मिल रही है।

APT40 व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर का त्वरित शोषण करता है, जैसे Log4J (CVE 2021 44228), एटलैस्सियन कॉन्फ्लुएँस (CVE-2021-31207, CVE-2021-26084) और माइक्रोसॉफ़्ट एक्सचेंज (CVE-2021-31207; CVE-2021-34523; CVE-2021-34473)। एएसडी की एसीएससी और संलेखन एजेंसियों को उम्मीद है कि यह समूह सार्वजनिक रिलीज़ होने के बाद कुछ ही घंटों या दिनों के अंदर नई हाई-प्रोफ़ाइल कमजोरियों के लिए पीओसी का उपयोग करना जारी रखेगा।

2 अमेरिकी न्याय विभाग। 2021. चार चीनी नागरिकों पर, जो राजकीय सुरक्षा मंत्रालय के साथ काम कर रहे थे, संक्रामक रोग अनुसंधान सहित बौद्धिक संपदा और गोपनीय व्यावसायिक जानकारी को लक्षित करने वाले वैश्विक कंप्यूटर हस्तक्षेप अभियान का आरोप लगाया गया।

चित्र 1. APT40 गतिविधि के लिए TTP फ़्लोचार्ट



ऐसा प्रतीत होता है कि यह समूह उन तकनीकों पर कमजोर, पब्लिक-फेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का शोषण करना पसंद करता है, जिनके लिए उपयोगकर्ता इंटरएक्शन की आवश्यकता होती है - जैसे फ़िशिंग अभियान, और यह अनेकानेक फॉलो-अप गतिविधियों को सक्षम बनाने के लिए वैध क्रेडेंशियल्स प्राप्त करने को ऊँची प्राथमिकता देता है। APT40 लगातार रूप से बने रहने के लिए नियमित रूप से वेब शेल (T1505.003) का उपयोग करता है, विशेषकर हस्तक्षेप के जीवन चक्र की शुरुआत में। आमतौर पर, शुरुआत में सफलतापूर्वक एक्सेस करने के बाद APT40 शिकार के परिवेश में एक्सेस बनाए रखने के लिए लगातार रूप से बने रहने पर फोकस करता है। चूंकि लगातार रूप से बने रहने की प्रकृति हस्तक्षेप के आरंभिक समय में पैदा होती है, इसलिए सभी हस्तक्षेपों में इसके पहचान में आने की संभावना अधिक है - चाहे हमले की सीमा या आगे के कार्य कुछ भी हों।

उल्लेखनीय ट्रेडक्राफ्ट

APT40 ने पूर्व में हमला की गई ऑस्ट्रेलियाई वेबसाइटों को अपने ऑपरेशन्स के लिए कमांड और कंट्रोल (C2) होस्ट के रूप में इस्तेमाल किया है, फिर भी समूह ने इस तकनीक का क्रमिक विकास किया है (T1594)।

APT40 ने ऑस्ट्रेलिया में अपने ऑपरेशन्स के लिए ऑपरेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और लास्ट-हॉप रिडायरेक्टर्स (T1584.008) के रूप में संक्रमित डिवाइसेज़ का उपयोग करने की वैश्विक प्रवृत्ति अपनाई है, जिसमें छोटे-कार्यालय/गृह-कार्यालय (SOHO) डिवाइसेज़ भी शामिल हैं। इसने संलेखन एजेंसियों को इस समूह की गतिविधियों को बेहतर ढंग से चिह्नित करने और इसका अनुरेखण करने में सक्षम बनाया है।

इनमें से कई SOHO डिवाइसेज़ अपने जीवन-के-अंत में हैं या अनपैच्ड हैं और ये एन-डे शोषण के लिए एक आसान लक्ष्य उपलब्ध कराते हैं। एक बार संक्रमित हो जाने के बाद SOHO डिवाइसेज़ हमलों के लिए एक लॉन्चिंग पॉइंट प्रदान करते हैं, जिसे वैध ट्रैफ़िक के साथ घुलने-मिलने और नेटवर्क डिफेंडर्स को चुनौती देने के लिए डिज़ाइन किया जाता है (T1001.003)।

पीआरसी के अन्य राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा इस तकनीक का उपयोग दुनिया-भर में नियमित रूप से भी किया जाता है, और संलेखन एजेंसियाँ इसे एक साझा खतरा मानती हैं। अतिरिक्त जानकारी के लिए संयुक्त परामर्श-सूचनाएँ देखें: पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राज्य-प्रायोजित साइबर हमलावर नेटवर्क प्रदाताओं और डिवाइसेज़ का दुरुपयोग करते हैं और पीआरसी के राज्य-प्रायोजित हमलावर यू.एस. के अतिमहत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करते हैं और लगातार एक्सेस बनाए रखते हैं।

APT40 कभी-कभी अपने ऑपरेशन्स में विक्टिम-फेसिंग C2 इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में खरीदे गए या कॉन्ट्रैक्ट पर दिए गए इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करता है; किंतु इस ट्रेडक्राफ्ट में सापेक्ष रूप से गिरावट प्रतीत होती है।

टूलिंग

एएसडी का एसीएससी नीचे रेखांकित जाँचों के दौरान पहचान में आई कुछ दुर्भावनापूर्ण फ़ाइलों को साझा कर रहा है। इन फ़ाइलों को VirusTotal पर अपलोड किया गया है, ताकि व्यापक नेटवर्क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा समुदायों को उन खतरों को बेहतर ढंग से समझ पाने में सक्षम बनाया जा सके, जिनसे उन्हें बचाव करने की आवश्यकता है।

मामले अध्ययन

एएसडी का एसीएससी दो अज्ञात जाँच रिपोर्टें साझा कर रहा है, ताकि इस बारे में जागरुकता बनाई जा सके कि हमलावर अपने डिवाइसेज़ और ट्रेडक्राफ्ट को कैसे नियोजित करते हैं।

MD5	फ़ाइलनेम	अतिरिक्त जानकारी
26a5a7e71a601be991073c78d513dee3	horizon.jsp	1 kB | जावा सोर्स
87c88f06a7464db2534bc78ec2b915de	Index_jsp$ProxyEndpoint$Attach.class	597 B | जावा बाइटकोड
6a9bc68c9bc5cefaf1880ae6ffb1d0ca	Index_jsp.class	5 kB | जावा बाइटकोड
64454645a9a21510226ab29e01e76d39	Index_jsp.java	5 kB | जावा सोर्स
e2175f91ce3da2e8d46b0639e941e13f	Index_jsp$ProxyEndpoint.class	4 kB | जावा बाइटकोड
9f89f069466b8b5c9bf25c9374a4daf8	Index_jsp$ProxyEndpoint$1.class	3 kB | जावा बाइटकोड
187d6f2ed2c80f805461d9119a5878ac	Index_jsp$ProxyEndpoint$2.class	1 kB | जावा बाइटकोड
ed7178cec90ed21644e669378b3a97ec	Nova_jsp.class	7 kB | जावा बाइटकोड
5bf7560d0a638e34035f85cd3788e258	Nova_jsp$TomcatListenerMemShellFromThread.class	8 kB | जावा बाइटकोड
e02be0dc614523dddd7a28c9e9d500cff	Nova_jsp.java	15 kB | जावा सोर्स

मामला अध्ययन 1

व्यापक फैलाव को सक्षम बनाने के लिए इस रिपोर्ट में से नाम हटा दिए गए हैं। प्रभावित संगठन को इसके बाद 'संगठन' के रूप में संदर्भित किया जाएगा। शिकार की पहचान और एएसडी के एसीएससी की घटना प्रतिक्रिया विधियों की सुरक्षा के लिए कुछ विशिष्ट विवरण हटा दिए गए हैं।

कार्यकारी सारांश

यह रिपोर्ट जुलाई और सितंबर 2022 के बीच संगठन के नेटवर्कों के सफल हमले में एएसडी के एसीएससी की जाँच के निष्कर्षों के विवरण देती है। यह खोजी रिपोर्ट दुर्भावनापूर्ण गतिविधि को सारांशित करने और उपचारात्मक सलाहों का ढांचा बनाने के लिए प्रदान की गई थी। निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि हमला APT40 द्वारा किया गया था।

अगस्त के मध्य में, एएसडी के एसीएससी ने अगस्त के अंत में समूह द्वारा उपयोग किए जा रहे संभावित रूप से संक्रमित डिवाइस से संगठन के नेटवर्कों के साथ दुर्भावनापूर्ण इंटरएक्शन के बारे में संगठन को सूचित किया और संगठन की सहमति के साथ, एएसडी के एसीएससी ने संगठन के नेटवर्कों पर संभावित प्रभावित होस्ट्स के लिए होस्ट-आधारित सेंसर लागू किए। इन सेंसरों ने एएसडी के एसीएससी घटना प्रतिक्रिया विश्लेषकों को पूरी तरह से डिजिटल फोरेंसिक जाँच करने की अनुमति दी। एएसडी के एसीएससी विश्लेषकों ने उपलब्ध सेंसर डेटा का उपयोग करते हुए समूह की गतिविधि को सफलतापूर्वक मैप किया और देखी गई घटनाओं की एक विस्तृत समयरेखा बनाई।

एएसडी के एसीएससी द्वारा जुलाई से अगस्त तक देखी गई प्रमुख हमलावर गतिविधि में शामिल हैं:

- होस्ट एन्युमरेशन, जो हमलावर को नेटवर्कों का अपना नक्शा बनाने में सक्षम करता है;
- वेब शेल का उपयोग, जो हमलावर को नेटवर्कों पर शुरुआती रूप से पैर जमाने और कमांड्स चलाने की क्षमता प्रदान करता है; और
- दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए हमलावर द्वारा उपयोग किए गए अन्य टूलिंग का लागूकरण।

जाँच में बड़ी मात्रा में संवेदनशील डेटा को एक्सेस किए जाने का पता चला और इस बात का सबूत मौजूद है कि हमलावरों ने नेटवर्कों में समानांतर रूप से आवाजाही की (T1021.002)। हमला अधिकांशत: नेटवर्कों में समूह द्वारा एक्सेस वेक्टर्स स्थापित करने, सपाट संरचना वाला नेटवर्क होने और असुरक्षित आंतरिक रूप से विकसित सॉफ़्टवेयर के उपयोग से सुविधाकृत हुआ था, जिसे मनमाने ढंग से फ़ाइलें अपलोड करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था। बाहर निकाले गए डेटा में प्रिविलेज-प्राप्त ऑथेंटिकेशन क्रेडेंशियल्स शामिल थे जो समूह को लॉग इन करने में सक्षम बनाते थे, और साथ ही इसमें नेटवर्क के बारे में जानकारी भी शामिल थी, जो मूल एक्सेस वेक्टर के अवरुद्ध होने की स्थिति में हमलावरों को अनधिकृत एक्सेस प्राप्त करने की अनुमति देती थी। शुरू में शोषित मशीन पर उन लोगों से परे कोई अतिरिक्त दुर्भावनापूर्ण टूलिंग की पहचान नहीं हो पाई थी; लेकिन किसी समूह की वैध और प्रिविलेज-प्राप्त क्रेडेंशियल्स की एक्सेस अतिरिक्त टूलिंग की आवश्यकता नकार देती है। जाँच के निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि संगठन के सार्वजनिक रूप से ज्ञात कमजोरियों के अवसरवादी रूप से शिकार बनने के बजाय उसे संभवत: APT40 द्वारा जानबूझकर लक्षित किया गया था।

जाँच के निष्कर्ष

अगस्त 2022 के मध्य में, एएसडी के एसीएससी ने संगठन को सूचित किया कि एक राज्य-प्रायोजित साइबर समूह से संबद्ध पुष्टि किए गए दुर्भावनापूर्ण आईपी ने कम से कम जुलाई और अगस्त के बीच संगठन के कंप्यूटर नेटवर्कों के साथ इंटरएक्शन किया था। हमला किया गया डिवाइस शायद एक छोटे व्यवसाय या घरेलू उपयोगकर्ता का था।

अगस्त के अंत में, एएसडी के एसीएससी ने संगठन के नेटवर्कों पर होस्ट्स के लिए एक होस्ट-आधारित एजेंट लागू किया, जिससे हमले से प्रभावित होने का सबूत प्रदर्शित हुआ।

जाँच के प्रयासों को समर्थन दे सकने वाली कुछ चीजें लॉगिंग या नेटवर्क डिज़ाइन के कॉन्फ़िगरेशन के कारण उपलब्ध नहीं थीं। इसके बावजूद भी सभी उपलब्ध डेटा प्रदान करने की संगठन की तत्परता ने एएसडी के एसीएससी के घटना उत्तरदाताओं को व्यापक विश्लेषण करने और नेटवर्कों पर संभावित APT40 गतिविधि को समझ पाने में सक्षम बनाया।

सितंबर में, एएसडी के एसीएससी से परामर्श के बाद संगठन ने शुरुआती अधिसूचना में पहचाने गए आईपी को अस्वीकार करने का निर्णय लिया। अक्टूबर में, संगठन ने यह उपचार शुरू किया।

विवरण

जुलाई की शुरुआत में हमलावर `<webapp>2-ext` पर चलने वाली एक कस्टम वेब एप्लिकेशन (T1190) का परीक्षण और शोषण करने में सक्षम थे, जो समूह को नेटवर्क डिमिलिटरीकृत ज़ोन (DMZ) में पैर जमाने में सक्षम बनाता है। इसे नेटवर्कों के साथ-साथ सभी दृश्यमान डोमेनों, इन दोनों का एन्युमरेशन करने के लिए लिवरेज किया गया था। संक्रमित क्रेडेंशियल्स (T1078.002) का उपयोग एक्टिव डायरेक्टरी (T1018) को क्वेरी करने और DMZ के अंदर एकाधिक मशीनों से फ़ाइल शेयर्स (T1039) को माउंट करके डेटा को बाहर निकालने के लिए किया गया था। हमलावर ने सर्वर से वैध नेटवर्क क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए एक केर्बेरोस्टिंग हमला किया (T1558.003)। समूह को DMZ या आंतरिक नेटवर्कों में उपस्थिति के कोई भी अतिरिक्त बिंदु प्राप्त करते हुए नहीं देखा गया था।

दृश्य समयरेखा

नीचे दी गई समयरेखा संगठन के नेटवर्कों पर देखी गई दुर्भावनापूर्ण हमलावर गतिविधि के प्रमुख चरणों का व्यापक अवलोकन प्रदान करती है।



विस्तृत समयरेखा

जुलाई: हमलावरों ने संगठन के लिए निर्मित कस्टम वेब एप्लिकेशन (T1190) के फ्रंट पेज पर ट्रांसपोर्ट लेयर सिक्योरिटी (TLS) कनेक्शन (T1102) के माध्यम से एक शुरुआती कनेक्शन स्थापित किया (जिसे इसके बाद 'वेब एप्लिकेशन' या '*webapp*' के रूप में संदर्भित किया जाएगा)। कोई अन्य उल्लेखनीय गतिविधि नहीं देखी गई।

जुलाई: हमलावर आगे जाँच करने के लिए एँडपॉइंट्स की तलाश में वेब एप्लिकेशन की वेबसाइट का एन्युमरेशन शुरू करते हैं।[2]

जुलाई: हमलावर एक विशिष्ट एँडपॉइंट का दुरुपयोग करने के प्रयासों पर फोकस करते हैं।

जुलाई: हमलावर वेब सर्वर पर सफलतापूर्वक पोस्ट करने में सक्षम होते हैं, शायद किसी अन्य पृष्ठ पर मौजूद वेब शेल के माध्यम से। एक अन्य आईपी को संभवतः उन्हीं हमलावरों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। वह भी उसी यूआरएल पर पोस्ट करना शुरू कर देता है। हमलावरों ने कई संभावित वेब शेल बनाए और उनका परीक्षण किया।

दुरुपयोग का सटीक तरीका अज्ञात है, लेकिन यह स्पष्ट है कि विशिष्ट एँडपॉइंट को `<webapp>2-ext` पर फ़ाइलें बनाने के लिए लक्षित किया गया था।

एएसडी के एसीएससी का मानना है कि दो आईपी पते कनेक्शन्स अपने साझा हित और शुरुआती कनेक्शन के कारण एक ही हस्तक्षेप के हिस्सा थे।

जुलाई: समूह होस्ट एन्युमरेशन करना जारी रखता है, प्रिविलेज एस्केलेशन के अवसरों की तलाश करता है, और एक अलग वेब शेल लागू करता है। हमलावर `<firstname.surname>@<organisation domain>` के संक्रमित क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके वेब एप्लिकेशन में लॉग इन करते हैं।

हमलावरों की गतिविधि `<webapp>2-ext` पर सफलतापूर्वक प्रिविलेज एस्केलेशन हासिल करने के लिए प्रकट नहीं होती है। इसके बजाय हमलावरों ने नेटवर्क-आधारित गतिविधि की ओर रुख किया।

जुलाई: हमलावर एक सेवा खाते के लिए संक्रमित क्रेडेंशियल्स का परीक्षण करता है,[3] जिसे संभवतः आंतरिक रूप से सुलभ बायनेरीज़ में हार्डकोड किया गया पाया गया।

जुलाई: हमलावर ओपन-सोर्स टूल सिक्योर सॉकेट फ़नलिंग लागू करते हैं, जिसे दुर्भावनापूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर से कनेक्ट आउट करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। इस कनेक्शन का उपयोग हमलावर की हमला करने वाली मशीनों से संगठन के आंतरिक नेटवर्कों में ट्रैफ़िक की टनलिंग के लिए किया जाता है। इनके मशीन नेम्स इवेंट लॉग में उजागर होते हैं, जब वे सेवा खाते के लिए क्रेडेंशियल्स का उपयोग करने का प्रयास करते हैं।

अगस्त: हमलावरों को सीमित मात्रा में गतिविधि करते हुए देखा जाता है, जिसमें सेवा खाते से जुड़े कनेक्शन्स स्थापित न कर पाना शामिल है।

अगस्त: हमलावर महत्वपूर्ण नेटवर्कों और एक्टिव डायरेक्टरी का एन्युमरेशन करते हैं।[4] इसके बाद एक अन्य संक्रमित खाते को DMZ के अंदर विंडोज़ मशीनों पर शेयर्स की माउंटिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सफलता के साथ डेटा को बाहर निकालना एनेबल हो जाता है।

यह DMZ में माउंटेबल मशीनों पर चोरी किए गए क्रेडेंशियल का अवसरवादी उपयोग प्रतीत होता है। फ़ायरवॉल ने हमलावर को इसी गतिविधि के साथ आंतरिक नेटवर्कों को लक्षित करने से अवरुद्ध कर दिया।

अगस्त - सितंबर: SSF टूल ने एक दुर्भावनापूर्ण IP से कनेक्शन को फिर से स्थापित किया। समूह को तब तक कोई अतिरिक्त गतिविधि करते हुए नहीं देखा जाता है, जब तक कि उनकी एक्सेस अवरुद्ध नहीं हो जाती है।

सितंबर: संगठन दुर्भावनापूर्ण आईपी को अपने फ़ायरवॉल पर लिस्ट करने से मना करके ब्लॉक कर देता है।

2 इस संदर्भ में, एँडपॉइंट एक वेब एप्लिकेशन का फंक्शन है

3 सेवा खाते व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं से बंधे हुए नहीं हैं, बल्कि ये सेवाओं से जुड़े हैं। माइक्रोसॉफ़्ट कॉर्पोरेट डोमेन में अलग-अलग तरह के खाते होते हैं।

4 शेयर्स को माउंट करना एक उपयोगकर्ता या उपयोगकर्ता समूह के लिए सुलभ फ़ाइल सिस्टम स्ट्रक्चर पर फ़ाइलें निर्मित करने की प्रक्रिया है।

हमलावर की चालबाजियाँ और तकनीकें

MITRE ATT&CK फ्रेमवर्क साइबरस्पेस में हमलावरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली चालबाजियों और तकनीकों का एक प्रलेखित संग्रह है। यह ढांचा अमेरिका के गैर-लाभकारी संगठन MITRE कॉर्पोरेशन द्वारा बनाया गया था और यह धमकी देने वाले हमलावरों के व्यवहार के इर्द-गिर्द एक सामान्य वैश्विक भाषा के रूप में काम करता है।

एएसडी का एसीएससी हमलावर की दुर्भावनापूर्ण गतिविधि के साथ प्रासंगिक होने के लिए निम्नलिखित तकनीकों और चालबाजियों का आकलन करता है:

टोह लगाना

T1594 – शिकार के स्वामित्व वाली वेबसाइटों की खोज करना

हमलावर ने नेटवर्कों को एक्सेस करने के अवसरों की पहचान के लिए कस्टम वेब एप्लिकेशन की वेबसाइट का एन्युमरेशन किया।

शुरुआती एक्सेस

T1190 – पब्लिक-फेसिंग एप्लिकेशन का दुरुपयोग (कस्टम वेब एप्लिकेशन के दुरुपयोग के संबंध में)

T1078.002 – मान्य खाते: डोमेन खाते (संक्रमित क्रेडेंशियल्स के साथ लॉग ऑन करने के संबंध में)

इंटरनेट पर उजागर कस्टम वेब एप्लिकेशन्स का दुरुपयोग हमलावर के लिए एक्सेस का एक शुरुआती बिंदु प्रदान करता है। बाद में हमलावर उन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करने में सक्षम था, जिन्हें उसने नेटवर्कों में अपनी एक्सेस को आगे बढ़ाने के लिए संक्रमित किया था।

काम करना

T1059 – कमांड और स्क्रिप्टिंग इंटरप्रेटर (वेब शेल के माध्यम से कमांड के काम करने के संबंध में)

T1072 – सॉफ़्टवेयर लागूकरण टूल्स (हमलावर द्वारा ओपन-सोर्स टूल सिक्योर सॉकेट फ़नललिंग (SSF) का उपयोग करके आईपी से कनेक्ट करने के बारे में)

लगातार रूप से बने रहना

T1505.003 – सर्वर सॉफ़्टवेयर घटक: वेब शेल (एक्सेस स्थापित करने के लिए वेब शेल और SSF के उपयोग के संबंध में)

क्रेडेंशियल एक्सेस

T1552.001 – पासवर्ड स्टोर्स से क्रेडेंशियल्स (बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम (BMS) से संबंधित पासवर्ड फ़ाइलों के संबंध में)

T1558.003 – चोरी या जाली Kerberos टिकट: Kerberoasting (नेटवर्कों क्रेडेंशियल्स हासिल करने के लिए हमले के संबंध में)

समानांतर आवाजाही

T1021.002 – रिमोट सेवाएँ: SMB शेयर्स (हमलावर द्वारा कई डिवाइसेज़ से SMB शेयर्स को माउंट करने के संबंध में)

एकत्र करना

T1213 – सूचना रिपॉज़िटरीज़ से डेटा (BMS सर्वर पर पाए जाने वाले मैन्युअल्स/दस्तावेजों के संबंध में)

बाहर निकालना

T1041 – C2 चैनल पर बाहर निकालना (एक्टिव डायरेक्टरी और बढ़ते शेयरों से हमलावर के डेटा को बाहर निकालने के संबंध में)

मामला अध्ययन 2

व्यापक फैलाव सक्षम बनाने के लिए इस रिपोर्ट में से नाम हटा दिए गए हैं। प्रभावित संगठन को इसके बाद 'संगठन' के रूप में संदर्भित किया जाता है। शिकार की पहचान और एएसडी के एसीएससी की घटना प्रतिक्रिया विधियों के संरक्षण के लिए कुछ विशिष्ट विवरण हटा दिए गए हैं।

कार्यकारी सारांश

इस रिपोर्ट में अप्रैल 2022 में संगठन के नेटवर्कों के सफल हमले में एएसडी की एसीएससी जाँच के निष्कर्षों का विवरण दिया गया है। यह खोजी रिपोर्ट देखी गई दुर्भावनापूर्ण गतिविधि को सारांशित करने और उपचारात्मक सलाह का ढांचा बनाने के लिए संगठन को प्रदान की गई थी। निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि हमला APT40 द्वारा किया गया था।

मई 2022 में, एएसडी के एसीएससी ने एक संगठन के नेटवर्कों को अप्रैल 2022 से प्रभावित करने वाली संदिग्ध दुर्भावनापूर्ण गतिविधि के बारे में संगठन को सूचित किया। इसके बाद, संगठन ने एएसडी के एसीएससी को सूचित किया कि उन्होंने एक इंटरनेट-फेसिंग सर्वर पर दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर की खोज की है, जो संगठन के कॉर्पोरेट रिमोट एक्सेस समाधान के लिए लॉगिन पोर्टल प्रदान करता है। इस सर्वर ने रिमोट एक्सेस लॉगिन और पहचान प्रबंधन उत्पाद का उपयोग किया और इस रिपोर्ट में इसे 'संक्रमित डिवाइस' के रूप में संदर्भित किया जाएगा। यह रिपोर्ट एएसडी के एसीएससी द्वारा की गई जाँच के उत्तर में संगठन के लिए विकसित किए गए जाँच निष्कर्षों और उपचार सलाह का विवरण देती है।

साक्ष्य से संकेत मिला कि संगठन के नेटवर्कों के हिस्से पर दुर्भावनापूर्ण साइबर हमलावर(रों) द्वारा कम से कम अप्रैल 2022 से संगठन के रिमोट एक्सेस लॉगिन पोर्टल के माध्यम से हमला किया गया था। यह सर्वर एकाधिक हमलावरों द्वारा संक्रमित किया गया हो सकता है, और यह संभवतः रिमोट कोड एक्ज़िक्यूशन (RCE) कमजोरियों से प्रभावित था, जिनके बारे में हमला होने के समय व्यापक रूप से प्रचार किया गया था।

एएसडी के एसीएससी द्वारा देखी गई प्रमुख हमलावर गतिविधि में शामिल हैं:

- होस्ट एन्युमरेशन, जो किसी हमलावर को नेटवर्कों का अपना नक्शा बनाने में सक्षम करता है;
- इंटरनेट-फेसिंग एप्लिकेशन्स और वेब शेल उपयोग का दुरुपयोग, जो हमलावर को नेटवर्कों पर शुरुआती पैर जमाने और कमांड्स चलाने की क्षमता प्रदान करता है;
- प्रिविलेजेस को बढ़ाने के लिए सॉफ़्टवेयर कमजोरियों का दुरुपयोग; और
- समानांतर आवाजाही को सक्षम बनाने के लिए क्रेडेंशियल का संग्रह

एएसडी के एसीएससी ने पाया कि एक दुर्भावनापूर्ण हमलावर ने अप्रैल 2022 में हमला किए गए डिवाइसेज़ पर कई सौ अनन्य उपयोगकर्ता नामों और पासवर्ड जोड़ों के साथ-साथ रिमोट एक्सेस सेशन्स से संबंधित कई मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन कोड्स और तकनीकी आर्टिफैक्ट्स को बाहर निकाल दिया था। संगठन द्वारा समीक्षा करने पर पासवर्ड वैध पाए गए। एएसडी के एसीएससी का आकलन है कि हमलावर ने इन तकनीकी आर्टिफैक्ट्स को एक वैध उपयोगकर्ता के रूप में रिमोट लॉगिन सेशन को हाइजैक करने के उद्देश्य से एक नया सेशन बनाने के लिए एकत्र किया हो सकता है, और एक वैध उपयोगकर्ता खाते के इस्तेमाल से संगठन के आंतरिक कॉर्पोरेट नेटवर्कों को एक्सेस किया हो सकता है।

जाँच के निष्कर्ष

जाँच सारांश

एएसडी के एसीएससी ने पता लगाया कि हमलावर ने संगठन के कर्मचारियों के लिए रिमोट लॉगिन सेशन्स प्रदान करने वाले डिवाइस(सों) पर हमला किया, और फिर आगे की गतिविधि करने के प्रयास में इस हमले का उपयोग किया। इन डिवाइसेज़ में तीन लोड-बैलेंस्ड होस्ट्स होते हैं, जहां हमले के सबसे शुरुआती सबूत का पता चला था। संगठन ने शुरुआती हमले के तुरंत बाद तीन लोड-बैलेंस्ड होस्ट्स में से दो को बंद कर दिया। इसके परिणामस्वरूप बाद की सभी गतिविधियाँ एक ही होस्ट पर घटित हुई। संक्रमित डिवाइस से जुड़े अन्य सर्वर भी इसी तरह से लोड-बैलेंस्ड थे। सुगमता के लिए इस रिपोर्ट में अधिकांश संक्रमित डिवाइसेज़ को 'सिंगल डिवाइस' के रूप में संदर्भित किया गया है।

ऐसा माना जाता है कि हमलावर ने अप्रैल 2022 के बाद हमला किए गए डिवाइस में वेब शेल चलाने के लिए सार्वजनिक रूप से ज्ञात कमजोरियों का उपयोग किया। समूह के धमकीपूर्ण हमलावरों के लिए यह आकलन किया जाता है कि उन्होंने डिवाइस पर प्रिविलेज प्राप्त किए। एएसडी का एसीएससी लॉगिंग उपलब्धता की कमी के कारण गतिविधि की संपूर्ण सीमा नियत नहीं कर सका। किंतु डिवाइस पर मौजूद सबूत इंगित करता है कि एक हमलावर ने यह हासिल कर लिया:

- कई सौ वास्तविक उपयोगकर्ता नामों और पासवर्ड जोड़ों को एकत्र करना; और
- ऐसी तकनीकी आर्टिफैक्ट्स को एकत्र करना, जिन्होंने दुर्भावनापूर्ण हमलावर को एक वैध उपयोगकर्ता के रूप में वर्चुअल डेस्कटॉप इन्फ्रास्ट्रक्चर (VDI) सेशन एक्सेस करने की अनुमति दी हो सकती है।

एएसडी के एसीएससी का आकलन है कि हमलावर संगठन के नेटवर्कों के संक्रमण को आगे बढ़ाने का इच्छुक रहा होगा। हमलावर द्वारा बाहर निकाली गई आर्टिफैक्ट्स ने उन्हें एक वैध उपयोगकर्ता के रूप में वर्चुअल डेस्कटॉप सेशन्स को हाईजैक करने या शुरू करने की अनुमति दी हो सकती है, संभवत: उनकी पसंद के उपयोगकर्ता के रूप में, जिसमें एडमिनिस्ट्रेटर्स भी शामिल हैं। हमलावर ने लगातार रूप से बने रहने और अन्य लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से संगठन की सेवाओं पर हमला करने के लिए इस एक्सेस वेक्टर का उपयोग किया हो सकता है।

होस्टिंग प्रदाता के प्रबंधित परिवेश के अंदर संगठन के अन्य डिवाइसेज़ पर हमले का सबूत प्रदर्शित नहीं हुआ।

एक्सेस

संक्रमित डिवाइस वाले होस्ट ने VDI सेशन्स से कनेक्ट होने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए एक्टिव डायरेक्टरी और एक वेबसर्वर के माध्यम से ऑथेंटिकेशन किया (T1021.001)।

स्थान	संक्रमित डिवाइस के होस्टनेम्स (लोड-बैलेंस्ड)
डेटासेंटर 1	HOST1, HOST2, HOST3

डिवाइस के इंफ्रास्ट्रक्चर में एक्सेस गेटवे होस्ट भी शामिल थे, जो डिवाइस से जेनरेट और डाउनलोड किया गया ऑथेंटिकेशन टोकन हासिल करने के बाद उपयोगकर्ता को VDI के लिए एक टनल प्रदान करते थे।

इनमें से किसी भी होस्ट के संक्रमित होने का कोई सबूत नहीं था। किंतु एक्सेस गेटवे होस्ट लॉग्स ने इस बात का प्रमाण प्रदर्शित किया कि ज्ञात दुर्भावनापूर्ण IP पतों के साथ काफी अधिक इंटरएक्शन्स हुए थे। संभावित है कि यह इस होस्ट पर हुई गतिविधि या खतरापूर्ण हमलावर के इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ नेटवर्क कनेक्शन्स का प्रतिबिंबन करता है, जिनसे होस्ट तक पहुंच स्थापित हुई थी। इस गतिविधि की प्रकृति को उपलब्ध साक्ष्य का उपयोग करके नियत नहीं किया जा सकता है, लेकिन यह इंगित करती है कि समूह संगठन के नेटवर्कों (TA0008) में समानांतर आवाजाही करने का इच्छुक था।

आंतरिक होस्ट्स

एएसडी के एसीएससी ने आंतरिक संगठन के नेटवर्क सेगमेंट से सीमित डेटा की जाँच की। आंतरिक संगठन के नेटवर्क सेगमेंट को प्रभावित करने के ज्ञात प्रयास या सफल दुर्भावनापूर्ण गतिविधि में शामिल हैं - VDI से संबंधित आर्टिफैक्ट्स में हमलावर की एक्सेस, आंतरिक SQL सर्वर (T1505.001) की स्क्रेपिंग, और एक्सेस गेटवे डिवाइसेज़ (TA0011) के माध्यम से ज्ञात दुर्भावनापूर्ण IP पतों से निर्गत होने वाला अस्पष्टीकृत ट्रैफ़िक।

संक्रमित डिवाइस में एक्सेस का उपयोग करके समूह ने वास्तविक उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड्स (T1003), और MFA टोकन वैल्यूज़ (T1111) एकत्र की। समूह ने JSON वेब टोकन को (JWTs) (T1528) भी एकत्र किया, जो वर्चुअल डेस्कटॉप लॉगिन सेशन बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऑथेंटिकेशन आर्टिफैक्ट है। इस बात की संभावना है कि हमलावर एक वर्चुअल डेस्कटॉप सेशन (T1563.002) बनाने या हाईजैक करने के लिए इनका उपयोग करने, और एक वैध उपयोगकर्ता के रूप में

आंतरिक संगठन नेटवर्क सेगमेंट को एक्सेस करने में सक्षम हुआ हो (T1078)।

हमलावर ने संगठन के आंतरिक नेटवर्क में मौजूद एक SQL सर्वर (T1505.001) को स्क्रेप करने के लिए भी संक्रमित डिवाइस में एक्सेस का उपयोग किया। यह संभव है कि हमलावर के पास इस डेटा की एक्सेस थी।

एक्सेस गेटवे डिवाइस से उपलब्ध साक्ष्य से पता चला है कि ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पते से या इस डिवाइस के माध्यम से नेटवर्क ट्रैफ़िक की आवाजाही हुई थी। जैसा कि ऊपर वर्णित है, इससे यह संकेत मिल सकता है कि दुर्भावनापूर्ण साइबर हमलावरों ने संभवत: आंतरिक नेटवर्क में घुसने के लिए इस डिवाइस को प्रभावित या इसका उपयोग किया हो।

जाँच की समयरेखा

नीचे दी गई सूची जाँच के दौरान खोजी गई प्रमुख गतिविधियों की समयरेखा प्रदान करती है।

समय	घटना
अप्रैल 2022	ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पते एक्सेस गेटवे होस्ट HOST7 के साथ इंटरएक्ट करते हैं। इंटरएक्शन की प्रकृति निर्धारित नहीं की जा सकी।
अप्रैल 2022	सभी होस्ट्स, HOST1, HOST2 और HOST3, एक दुर्भावनापूर्ण हमलावर या हमलावरों द्वारा संक्रमित किए गए थे, और होस्ट्स पर वेब शेल्स लगाए गए थे। HOST2 पर एक लॉग फ़ाइल बनाई या संशोधित की गई थी। इस फ़ाइल में ऐसी क्रेडेंशियल सामग्री है, जो संभवत: एक दुर्भावनापूर्ण हमलावर द्वारा कैप्चर की गई है। /etc/security/opasswd और /etc/shadow फ़ाइलों को HOST1 और HOST3 पर संशोधित किया गया था, जो यह दर्शाता है कि पासवर्ड बदल दिए गए थे। HOST1 पर उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि उपयोगकर्ता 'sshuser' के लिए पासवर्ड बदल दिया गया था।
अप्रैल 2022	HOST2 को संगठन द्वारा बंद कर दिया गया था। HOST1 और HOST3 पर अतिरिक्त वेब शेल्स (T1505.003) बनाए गए थे। HOST1 को HOST3 से SSH ब्रूट फोर्स प्रयासों का अनुभव हुआ। HOST3 पर एक लॉग फ़ाइल (T1070) संशोधित की गई थी। इस फ़ाइल में ऐसी क्रेडेंशियल सामग्री (T1078) है, जो संभवत: किसी दुर्भावनापूर्ण हमलावर द्वारा कैप्चर की गई है। JWTs को कैप्चर किया गया (T1528) और HOST3 पर एक फ़ाइल में आउटपुट किया गया। HOST3 को संगठन द्वारा बंद कर दिया गया था। इस समय के बाद सभी गतिविधियाँ HOST1 पर होती हैं।
अप्रैल 2022	HOST1 (T1505.003) पर अतिरिक्त वेब शेल्स बनाए गए। JWTs कैप्चर किए गए और HOST1 पर एक फ़ाइल में इन्हें आउटपुट किया गया।
अप्रैल 2022	HOST1 (T1505.003) पर अतिरिक्त वेब शेल्स बनाए जाते हैं, और एक ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पता होस्ट (TA0011) के साथ इंटरएक्ट करता है। एक ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पता एक्सेस गेटवे होस्ट HOST7 के साथ इंटरएक्ट करता है।
मई 2022	एक ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पता एक्सेस गेटवे होस्ट HOST7 (TA0011) के साथ इंटरएक्ट करता है। उपयोगकर्ता के एक ऑथेंटिकेशन प्रकरण को HOST1 पर मौजूद लॉग्स में ज्ञात दुर्भावनापूर्ण आईपी पते से जोड़ा जाता है। इस होस्ट पर एक अतिरिक्त वेब शेल बनाया जाता है (T1505.003)।
मई 2022	HOST1 पर मौजूद एक स्क्रिप्ट को एक हमलावर (T1543) द्वारा संशोधित किया गया। इस स्क्रिप्ट में आंतरिक SQL सर्वर से डेटा को स्क्रैप करने की फंक्शनैलिटी थी।
मई 2022	HOST1 पर एक अतिरिक्त लॉग फ़ाइल अंतिम बार संशोधित की गई (T1070)। इस फ़ाइल में संगठन नेटवर्क के लिए उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड जोड़े मौजूद हैं, जिन्हें वैध माना जाता है (T1078)।
मई 2022	एक अतिरिक्त लॉग फ़ाइल अंतिम बार संशोधित की गई (T1070)। इस फ़ाइल में HOST1 से एकत्रित JWTs हैं।
मई 2022	HOST1 (T1505.003) पर अतिरिक्त वेब शेल्स बनाए गए। इस तिथि को संगठन ने अप्रैल 2022 में निर्माण तिथि वाली एक वेब शेल की खोज की सूचना एएसडी के एसीएससी को दी।
मई 2022	HOST1 पर कई स्क्रिप्ट्स बनाई गईं, जिनमें से एक का नाम Log4jHotPatch.jar था।
मई 2022	एक्सेस गेटवे होस्ट में दो ओपन पोर्ट जोड़ने के लिए iptables-save कमांड का उपयोग किया गया। ये पोर्ट 9998 और 9999 (T1572) थे।

हमलावर की चालबाजियाँ और तकनीकें

जाँच के दौरान पहचानी गई कई चालबाजियाँ और तकनीकें नीचे दी गई हैं।

शुरुआती एक्सेस

T1190 पब्लिक-फेसिंग एप्लिकेशन का दुरुपयोग करना

समूह ने नेटवर्क में शुरुआती एक्सेस हासिल करने के लिए रिमोट एक्सेस लॉगिन और पहचान प्रबंधन उत्पाद में RCE, प्रिविलेज एस्केलेशन्स और ऑथेंटिकेशन बाईपास कमजोरियों का दुरुपयोग किया।

निम्नलिखित के कारण शुरुआती एक्सेस के इस तरीके को सबसे अधिक संभावित माना जाता है:

- उस समय सर्वर इन CVE के प्रति कमजोर था;
- ज्ञात हमलावर इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर से इन कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें; और
- दुरुपयोग के प्रयास किए जाने के तुरंत बाद पहली ज्ञात आंतरिक दुर्भावनापूर्ण गतिविधि हुई।

काम करना

T1059.004 कमांड और स्क्रिप्टिंग इंटरप्रेटर: यूनिक्स शेल

समूह ने उपरोक्त कमजोरियों का सफलतापूर्वक दुरुपयोग किया, और संभव है कि वह प्रभावित डिवाइस पर उपलब्ध यूनिक्स शेल में कमांड्स चलाने में सक्षम हुआ हो। हमलावरों द्वारा चलाई गई कमांड्स का पूरा विवरण नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि इन्हें डिवाइस द्वारा लॉग नहीं किया गया था।

लगातार रूप से बने रहना

T1505.003 सर्वर सॉफ़्टवेयर घटक: वेब शेल

हमलावरों ने प्रभावित डिवाइस पर कई वेब शेल्स लागू किए। यह संभव है कि कई अलग-अलग हमलावरों ने वेब शेल्स लागू किए होंगे, लेकिन केवल कुछ ही हमलावरों ने इन वेब शेल्स को इस्तेमाल करके गतिविधि की। हमलावर द्वारा मनमाने ढंग से कमांड देकर वेब शेल्स ने संक्रमित डिवाइसेज़ पर काम करने की अनुमति दी होगी।

प्रिविलेज एस्केलेशन

T1068 प्रिविलेज एस्केलेशन के लिए दुरुपयोग

उपलब्ध साक्ष्य हमलावरों द्वारा प्राप्त प्रिविलेज के स्तर का वर्णन नहीं करते हैं। किंतु हमलावरों ने वेब शेल्स के उपयोग से संक्रमित डिवाइस पर वेब सर्वर की तुलना में प्रिविलेज का एक स्तर हासिल किया होगा। माना जाता है कि संक्रमित डिवाइस पर मौजूद कमजोरियों ने हमलावरों को रूट प्रिविलेजेस हासिल करने की अनुमति दी होगी।

क्रेडेंशियल एक्सेस

T1056.003 इनपुट कैप्चर: वेब पोर्टल कैप्चर

संक्रमित डिवाइस पर साक्ष्य से पता चला है कि हमलावर ने स्पष्ट टेक्स्ट में कई सौ वैध माने जाने वाले उपयोगकर्ता नाम-पासवर्ड जोड़ों को कैप्चर कर लिया था। यह संभावित है कि इन्हें वास्तविक ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया में कुछ संशोधन का उपयोग करके कैप्चर किया गया था, जोकि किसी फ़ाइल में क्रेडेंशियल्स को आउटपुट करता है।

T1111 मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन इंटरसेप्शन

हमलावर ने वैध लॉगिन के अनुरूप MFA टोकन्स की वैल्यू को भी कैप्चर कर लिया। इन वैल्यूज़ को किसी फ़ाइल में आउटपुट करने के लिए वास्तविक ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया को संशोधित करके इन्हें कैप्चर किया गया था। 'सीक्रेट सर्वर' में संक्रमण होने का कोई सबूत नहीं है ,जो MFA टोकन्स की सुरक्षा के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले अनन्य मानों को स्टोर करता है।

T1040 नेटवर्क स्निफिंग

